**खबर संक्षेप**

### दिनदहाड़े ज्वेलर्स की दुकान से सोना चांदी से भरा बैग चोरों ने उड़ाया




**मैहर।** मैहर से कटनी रोड स्थित पकरिया में अज्ञात चोरों ने 10 बजे एक ज्वेलर्स की दुकान के बाहर रखे सोन चांदी से भरे बैग का पार दिया। बताया जा रहा है कि अज्ञात चोरों ने दुकान के सामने गदंगी फैलादी जिसके कारण दुकान मालिक को बाहर निकल कर सफाई करने को मजबूर होना पड़ा और जब दुकानदार उस गदंगी को साफ करने के लिए अपना बैग रखकर दुकान के बाहर पानी लेने गया इसी का फायदा उठाकर पहले से रेकी कर रहे चारों ने उस सोने चांदी से भरे बैग को ले उड़े। बताया जा रहा है कि उस बैग में तीन तोला सोना और एक किलों के लगभग चांदी थी। जब दुकानदार ने अपने बैग को देखने गया तो बैग अपने स्थान से नदारत मिला और इधर उधर देखने पर जब बैग नही मिला तो दुकानदार ने इसकी जानकारी पुलिस थाने में दी। सूचना मिलने पर मैहर एसएसपी महेन्द्र सिंह और थाना प्रभारी केपी त्रिपाठी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी गई। पुलिस के द्वारा घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी के फुटेजों को देखकर जांच की कार्रवाई की जा रही है। यह बताया गया कि यह घटना को पूर्व से रैकी कर निर्धारित समय पर चोरों के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है।

### अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा निः शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन सम्पन्न

**मैहर।** अल्ट्राटेक सीमेंट यूनिट मैहर सीमेंट वर्क्स द्वारा गत दिवस निःशुल्क नेत्र शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह शिविर अल्ट्राटेक के यूनिटहेड विजनेश्वर मोहंती और एचआरहेड अजय वीर सिह के मार्गदर्शन में सीएसआर प्रमुख निमेश राज एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी अतुल शंकर मिश्रा के सहयोग से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस शिविर मेंआसपास के ग्रामीण अंचलों के बड़ी संख्या में बुजुर्गों ने हिस्सा लिया। शिविर के दौरान लगभग 400 लोगों की आंखों की स्कैनिग और जांच की गई। जांच के बाद लगभग 42 लोगों लोगों को चिन्हित कर उन्हें ऑपरेशन के लिए रीवा अस्पताल भेजा गया जहां पर उनकी जांच कर सुबह 8 बजे से ऑपरेशन की प्रक्रिया शुरू कर आपरेशन किए गए। बांकी बचे 40लोगों को ऑपरेशन के लिए 19 फरवरी को रीवा भेजा जाएगा। संपूर्ण कार्यक्रम की जानकारी अल्ट्राटेक सीमेंट के मुख्य चिकित्सा अधिकारी अतुल शंकर मिश्रा के द्वार दी गई।

### ओलम्पियाड में प्रथम स्थान हासिल करने वालों को सम्मानित किया गया

**मैहर।** राज्य शिक्षा केन्द्र के तत्वाधान में कक्षा 2 से कक्षा 8 वीं तक के विद्यार्थियों की 16 जनवरी 2026 को हुई जिला स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाले छात्र प्रतियोगियों को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मैहर में समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया।

### रेलवे प्रीमियर लीगः सेमीफाइनल और फाइनल का रोमांच शुरू

**सतना।** रेलवे मनोरंजन सदन के तत्वावधान में आयोजित रेलवे प्रीमियर लीग अब अपने निर्णायक मोड़ पर पहुँच चुकी है। प्रतियोगिता के प्रति दर्शकों का उत्साह चरम पर है। टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल आज सुबह 10 बजे सतना कैरिज बैगन और आरपीएफ और जीआरपी के बीच खेला जा रहा है। वहीं, दूसरा सेमीफाइनल 20 फरवरी को ऑपरेटिंग बनाम उचेहरा और मैहर एकादश के मध्य होगा। इस भव्य टूर्नामेंट का मेगा फाइनल 22 फरवरी (रविवार) को आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट कमेटी के सचिव यादवेंद्र सिंह और कोषाध्यक्ष नीरज राज अपनी टीम के साथ रेलवे मैदान को फाइनल के लिए तैयार करने में जुटे हैं। आयोजन को सफल बनाने में डी.के.सक्सेना,पंकज तिवारी,और घनश्याम यादव सहित पूरी कमेटी दिन-रात मेहनत कर रही है।

# चित्रकूट में बाइक को टक्कर मारने के बाद पेड़ से टकराई अनियंत्रित कार, 9 लोग गंभीर रूप से घायल




**सतना।** धर्मनगरी चित्रकूट में एक बार फिर तेज रफ्तार और मानवीय लापरवाही मासूम जिंदगियों पर भारी पड़ गई। बुधवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे में दो बाइक सवारों सहित कार में सवार एक ही परिवार के सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कुल नौ घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

#### हादसे का घटनाक्रम

प्राप्त जानकारी के अनुसार, टेढ़ी (चित्रकूट) निवासी पुष्पेंद्र पटेल अपने साथी धीरज के साथ बाइक से गोदावरी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और लहुलूहान हो गए।

#### फरार होने की कोशिश में दूसरा हादसा

बाइक को टक्कर मारने के बाद कार सवारों ने मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन घबराहट में राम वन पार्क के समीप चालक अर्पित वर्णवाल कार पर से नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित कार सड़क किनारे लगे एक विशाल पेड़ से जा भिड़ी। इस दूसरे हादसे में कार सवार उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर निवासी एक ही परिवार के सात सदस्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

#### घायलों के नाम

बाइक सवार पुष्पेंद्र पटेल और धीरज,कार सवार अर्पित वर्णवाल (चालक),प्रियंका (पत्नी),आदित्य (भाई) और चार मासूम बच्चे-रुपाली,सची,देवांश व अंश आदि है। घटना की सूचना मिलते ही चित्रकूट थाना प्रभारी गिरजा शंकर बाजपेई दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत जानकी कुंड अस्पताल पहुंचाया,जहां उनका उपचार जारी है।



#### इनका कहना है

प्रथम दृष्टया दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही प्रतीत हो रही है। बाइक सवारों की शिकायत पर कार चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की विस्तृत विवेचना की जा रही है।

**- गिरजा शंकर बाजपेई,थाना प्रभारी,चित्रकूट**

# राम भरोसे चल रहा मैहर सिविल अस्पताल

## ऑक्सीजन प्लांट बंद, लिफ्ट ठप्प, मरीजों की सांसें सिस्टम के भरोसे




**मैहर।** मैहर जिला अस्पताल जिस पर जिले की जनता का उपचार किया जा रहा है वह आज लापरवाही और बदइंतजामी की मिसाल बन चुका है। आज इस सिविल अस्पताल में सुविधाएं तो लगभग सभी दी गई है मशीनें मौजूद है लेकिन बजट खर्च न दिए जाने से इन दिए गई सुविधांओं का लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। लेकिन सवाल सीधा हैः क्या मैहर का सिविल अस्पताल सिर्फ उद्घाटन और फोटो सेशन के लिए बनाया गया है। बताया जा रहा है कि यहां पर दो-दो ऑक्सीजन प्लांट लगाए गए मगर सभी खामोश है जिसके कारण यहां पर आने वाले मरीजों की सांस रामभरोसे चलती है। इस अस्पताल में कोरोना काल में जनभागीदारी से करीब 50 लाख की लागत से ऑक्सीजन प्लांट लगाया था,उसके बाद शासकीय स्वास्थ्य विभाग ने दूसरा प्लांट भी स्थापित किया स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से आज दोनों प्लांट सालों से बंद पड़े धूल खा रहे हैं। स्थानीय लोगों को कहना है कि जब प्लांट बंद ही रखने थे और इसको चलाने के बजट नही देना तो जनता के पैसे से यह दिखावा क्यों किया गया। इस लापरवाही के कारण आज मरीजों का इलाज आज किराए की ऑक्सीजन सिलेंडरों से चल रहा है अब यह सिस्टम की नाकामी नहीं तो और क्या है।

#### इमरजेंसी लिफ्ट भी 'कोमा' में




मैहर अस्पताल में गंभीर मरीजों को ले जाने के लिए आपातकालीन लिफ्ट लगाई थी जो आज से मेंटेंनेंस या अन्य कारणों से वर्षो से बंद पड़ी है। हालात इतने बदतर कि उसे पैक कर दिया गया। अस्पताल में आने वाले गंभीर मरीजों को सीढ़ियों से वार्ड में ले जाया जाता है जिसके चलते कसी भी प्रकार हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। अव्यवस्था यहीं तक नहीं रुकती है अस्पताल में गंभीर मरीजों के आईसीयू वार्ड मे ले जाया जाता है लेकिन वार्ड के बेडों पर ढंग की चादर तक नहीं होती है वहीं बेडों पर बिछे फटे गद्दे,जर्जर हालात पर अपनी दुर्दशा पर मातम मना रहे है। इस दौरान गंभीर मरीजों के परिजनों को अपने घर से चादर लाकर जर्जर बिस्तरों पर लिटाना पड़ता है। आज अस्पताल में सफाई न होने के कारण वार्ड बदबू से भरा रहता है। यह जिला स्तर का अस्पताल है या उपेक्षा का प्रतीक?

#### जवाबदेही से भागता सिस्टम

अस्पताल की देखरेख रोगी कल्याण समिति के जिम्मे है मगर मशीनें टूट रहीं,प्लांट बंद,लिफ्ट ठप्प है लेकिन कार्रवाई शून्य है जिसका खामियाजा मरीजों एवं परिजनों को भुगतना पड़ता है। बताया जाता है कि आए दिन अस्पताल में वीआईपी आवाजाही बनी रहती है मगर समस्याओं का हल नहीं किया जाता सिर्फ अपनी दिखावटी जांच कर दी जाती है जब कि अस्पताल की समस्या से किसी को कोई लेना देना नही है न ही जमीनी समस्याओं पर ठोस निर्णय कोई नहीं लेता।मैहर जिले से आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों के द्वारा यह पूंछा जारहा है कि मिलने वाले बजट के लाखों-करोड़ों रुपयों का हिसाब कौन देगा? बंद पड़े ऑक्सीजन प्लांट कब चालू होंगे? लिफ्ट कब दुरुस्त होगी? आईसीयू की बदहाली कब खत्म होगी? मैहर का सिविल अस्पताल आज सुविधाओं के बावजूद बदइंतजामी का शिकार है। अगर यही हाल रहा,तो जिला अस्पताल का तमगा सिर्फ बोर्ड पर रह जाएगा,जमीन पर नहीं।

## एमपी बजटः गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण पर केंद्रित एक समावेशी रोडमैप



**सतना।** मध्य प्रदेश के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय और जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता 'श्यामू' ने इसे प्रदेश के समग्र विकास का ऐतिहासिक दस्तावेज बताया है। जिला अध्यक्ष पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रस्तुत यह बजट गरीब,युवा,किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। उन्होंने जोर दिया कि बजट में रोजगार सृजन और किसानों की आय वृद्धि के ठोस प्रावधान हैं,जो प्रधानमंत्री के 'सबका साथ,सबका विकास' के संकल्प को सिद्ध करेंगे। वहीं,जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता ने इसे 'विकसित प्रदेश 2047' के विजन को साकार करने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा,स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर निवेश के माध्यम से सरकार ने आत्मनिर्भर प्रदेश की नींव रखी है। दोनों नेताओं ने एक स्वर में कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं,बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने वाला एक संतुलित और विकासोन्मुख कदम है।



### कर्जा के पहाड़ वाला बजट : विक्की



कांग्रेस नेता विक्रांत त्रिपाठी विक्की का कहना है कि राज्य पर कर्ज़ का बोझ लगातार बढ़ रहा है। हर साल नए ऋण लेकर सरकार खर्च चला रही है,जिससे आने वाली पीढ़ियों पर आर्थिक भार बढ़ेगा।बजट का बड़ा हिस्सा सिर्फ कर्ज़ के ब्याज चुकाने में खर्च हो रहा है। यदि यही पैसा शिक्षा,स्वास्थ्य और रोजगार में लगाया जाता तो जनता को सीधा लाभ मिलता। विक्की ने कहा कि बजट में बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो की गईं,लेकिन उनके लिए ठोस वित्तीय प्रबंधन और स्थायी आय के स्रोत स्पष्ट नहीं हैं।

#### बजट में दिशा नहीं, सिर्फ दिखावाः डॉ.अमित सिंह



आम आदमी पार्टी के नेता डॉ.अमित सिंह ने मध्य प्रदेश के बजट को दिशाहीन और जनता के साथ विश्वासघात बताया है। उन्होंने कहा कि इसमें शिक्षा,स्वास्थ्य और युवाओं के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। डॉ. सिंह के अनुसार,सतना की अनदेखी कर सरकार ने जनता की उम्मीदें तोड़ी हैं।

#### बजट निराशाजनक



समाज सेविका सीना बागरी ने कहा बजट आम जनता,युवाओं और किसानों के लिए निराशाजनक है। इसमें शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों की घोर उपेक्षा की गई है,जिससे मध्यम वर्ग पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। महंगाई और बेरोजगारी पर ठोस समाधान न होना चिंताजनक है। मैं इस जनविरोधी बजट की कड़ी निंदा करती हूँ।

## सरकारी नर्सरी में चल रहे अवैध उत्खनन पर प्रशासन का डंडा, डंपर और जेसीबी जब्त



**सतना। नागौद क्षेत्र में प्रशासन ने खनिज माफियाओं के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। चंकुइया गांव स्थित सरकारी नर्सरी में पिछले छह महीनों से चल रहे अवैध खनन का भंडाफोड़ करते हुए राजस्व टीम ने मशीनों को रंगे हाथों पकड़ा है।**

#### प्रमुख घटनाक्रमः रात के अंधेरे में छापेमारी

लगातार मिल रही शिकायतों के बाद एसडीएम अनिकेत शॉडिल्य और तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई। मंगलवार देर रात टीम ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की,जिससे खनन में लगे लोगों को भागने का मौका नहीं मिला।

#### कार्रवाई का विवरण

मौके से एक जेसीबी मशीन और दो डंपर जब्त किए गए हैं। शुरुआती जांच के अनुसार,ये वाहन चंचू सिंह और कैलाश सिंह के बताए जा रहे हैं। यह अवैध काम पिछले 6 महीनों से नर्सरी की जमीन पर बेखौफ जारी था।

#### राजस्व को बड़ी हानि

अधिकारियों के अनुसार,इस अवैध उत्खनन से शासन को भारी राजस्व का नुकसान हुआ है। खनिज विभाग अब खुदाई की गई मात्रा का सटीक आकलन कर रहा है ताकि भारी जुर्माना और सख्त वैधानिक कार्रवाई की जा सके।

## मैहर में आदिवासियों की जमीन का बड़ा फर्जीवाड़ाः पटवारी और बिचौलियों ने ईओडब्ल्यू के जाल में फँसे, करोड़ों का घोटाला

**मैहर/ रीवा। मैहर जिले में गरीब आदिवासियों की बेशकीमती जमीन हड़पने के एक बड़े सिंडिकेट का भंडाफोड़ हुआ है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ईओडब्ल्यू रीवा ने फर्जी वारिसाना और कूट रचित दस्तावेज तैयार कर आदिवासियों की लगभग 3.500 हेक्टेयर जमीन हड़पने वाले पटवारी,बिचौलियों और रसूख दारों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है।**

#### धोखे और जालसाजी का खेल

मामला मैहर जिले के ग्राम भदनपुर का है। जाँच में पाया गया कि पीड़ित रामसिंह गोड़ के पास करोड़ों की कृषि भूमि थी,जो वर्ष 2010-11 तक उनके नाम दर्ज थी। तत्कालीन हल्का पटवारी अशोक सिंह ने अन्य बिचौलियों के साथ मिलकर साजिश रची। रामसिंह गोड़ के जीवित रहते हुए भी,बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के,राजस्व रिकॉर्ड में उनके पुत्र राजेन्द्र सिंह का नाम वारिसाना दर्ज कर दिया गया। हैरानी की बात यह है कि रामसिंह के दो पुत्र और तीन पुत्रियाँ थीं,लेकिन केवल एक पुत्र के नाम फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार की गई। इसके बाद राजेन्द्र सिंह को बैंक से लोन दिलाने का झांसा देकर धोखे से जमीन की रजिस्ट्री अन्य बिचौलियों के नाम करा दी गई।

#### करोड़ों में बेची गई जमीन,असली मालिक खाली हाथ

साजिश यहीं खत्म नहीं हुई। बिचौलियों ने इस हड़पी हुई जमीन को अल्ट्राटेक सीमेंट सरला नगर को लगभग 2.50 करोड़ रुपये में बेच दिया। इस पूरी प्रक्रिया की भनक न तो असली मालिक रामसिंह को लगी और न ही उनके पुत्र राजेन्द्र सिंह को। जमीन के बदले मिलने वाली करोड़ों की राशि भी बिचौलियों और आरोपियों ने आपस में बंदरबांट कर ली,जबकि पीड़ित परिवार को एक रुपया भी नहीं मिला।

#### आरोपियों पर गिरी गाज

ईओडब्ल्यू रीवा के एसपी अरविंद सिंह ठाकुर के अनुसार,मामले के सत्यापन के बाद कुल 8 नामजद आरोपियों सहित अन्य राजस्व अधिकारियों पर मामला दर्ज किया गया है। मुख्य आरोपियों में अशोक सिंह (तत्कालीन पटवारी) शोभा प्रसाद कोल एवं बैजनाथ कोल (बिचौलिये) दीपक लालवानी, गोपाल आसवानी, अज्जू उर्फ अजय सावलानी (व्यवसायी/ बिचौलिये) कमला उर्फ प्रदीप कुमार सेन एवं राम प्रकाश जायसवाल शामिल हैं।

#### कानूनी कार्रवाई

आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड विधान की धारा 120बी,420,467,468,471 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7,13(1)ए,13(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।विभाग अब इस घोटाले में शामिल अन्य राजस्व अधिकारियों की भूमिका की भी गहनता से जाँच कर रहा है।

## सतना के नीरज राज 'भारत शौर्य सेना बॉलीवुड अवॉर्ड' से सम्मानित



**सतना।** पश्चिम मध्य रेल,सतना में पदस्थ लोको पायलट नीरज राज ने अपनी कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं के जरिए क्षेत्र का मान बढ़ाया है। हाल ही में रीवा के नई गढ़ी में आयोजित 'भारत सौर्य सेना बॉलीवुड अवार्ड 2026' समारोह में उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया। यह पुरस्कार उन्हें 'आशिकी' फिल्म फेम बॉलीवुड अभिनेता राहुल राय के हाथों प्रदान किया गया। नीरज राज को यह सम्मान उनके द्वारा किए गए सराहनीय सामाजिक कार्यों और रेलवे विभाग में उनके बेहतरीन योगदान के लिए दिया गया है। राहुल राय जैसे दिग्गज कलाकार की उपस्थिति ने इस गरिमामयी समारोह को और भी खास बना दिया। नीरज की इस उपलब्धि पर रेलवे प्रशासन और सहकर्मियों में खुशी की लहर है। यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण को दर्शाता है,बल्कि समाज के प्रति सेवा भाव रखने वाले अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बना है। उनकी यह सफलता सिद्ध करती है कि कड़ी मेहनत और सेवा भावना से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, युवक गंभीर घायल

**अमानगंज।** पन्ना-अमानगंज मुख्य सड़क मार्ग पर मेहंगवां कुर्सी मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने एक मोटर बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना गंभीर था कि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल की पहचान लाल जी विश्वकर्मा निवासी तिघरा भडार के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और तत्काल घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे कटनी रेफर कर दिया गया।फिलहाल पुलिस द्वारा घटना की जानकारी जुटाई जा रही है और ट्रैक्टर चालक के संबंध में जांच की जा रही है।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 23 फरवरी को

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ऊषा परमार की अध्यक्षता में सोमवार, 23 फरवरी को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। आगामी 2 मार्च को होलिका दहन, 3 मार्च को होली उत्सव एवं 21 मार्च को ईद-उल-फितर सहित अन्य त्यौहार शांतिपूर्वक मनाए जाने के दृष्टिगत बैठक का आयोजन किया जाएगा। अपर जिला मजिस्ट्रेट मधुवंतराव धुर्वे द्वारा सर्वसंबंधितों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### शहरों में अधोसंरचना विकास के लिए द्वारका योजना

**पन्ना।** विधानसभा में बुधवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 का 4 लाख 38 हजार 317 करोड़ रूपए का बजट प्रस्तुत किया गया, जिसके तहत शहरों में अधोसंरचना विकास के लिए द्वारका योजना आरंभ करने का निर्णय भी लिया गया। इस योजना में आगामी तीन वर्षों में 5 हजार करोड़ रूपए का निवेश संभावित है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में आबादी भूमि पर मालिकाना अधिकार की योजना में मुद्रांक एवं पंजीयन का समस्त शुल्क राज्य शासन द्वारा वहन किया जाएगा। यह देश में अपने तरह का पहला नवाचार है। इसके लिए 3 हजार 800 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। बजट में बच्चों को बेहतर पोषण के लिए यशोदा दुग्ध प्रदाय योजना शुरू करने की घोषणा भी की गई। इसके लिए 700 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। इस योजनातंर्गत आगामी पांच वर्षों में 6 हजार 600 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए 23 हजार 883 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। किसी भी लाड़ली बहना को उसके अधिकार से वंचित नहीं किया जाएगा और सरकार निर्धारित समय-सीमा में लाड़ली बहनाओं को दी जाने वाली राशि का लक्ष्य प्राप्त करेगी।

### शासकीय कार्यालयों में एआई के उपयोग को मिलेगा बढ़ावा

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार समस्त शासकीय कार्यालयों में कार्यालयीन कार्य संपादित करने के लिए एआई के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पन्ना जिले के समस्त विभाग के अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। इसमें सभी कार्यालयों से नामित अधिकारी-कर्मचारियों को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ई-दक्ष केन्द्र कक्ष क्रमांक 37 में एआई टूल्स विषय पर आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### अलग अलग स्थानों से तीन दोपहिया वाहन चोरी

**कटनी।** कोतवाली, कुठला एवं ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनायें हुई। जानकारी के अनुसार कुठला थाना क्षेत्र के बल्लभ नगर में रखौल्या किराना स्टोर के सामने खड़ी स्कूटी क्रमांक MP 21 MD 1342 को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। घटना 16 फरवरी की रात करीब 9:30 बजे की बताई गई है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। इसी तरह ढीमरखेड़ा थाना के ग्राम पौड़ी सूरदास आश्रम के पास रोड किनारे खड़ी मदन लाल लोधी की मोटरसाइकिल क्रमांक MP 21 M 9921 चोरी हो गई।

---

### कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई कार्यशाला

# भूकंप पूर्व तैयारी एवं आपदा प्रबंधन का दिया

**पन्ना।**

कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में कार्यशाला आयोजित कर भूकंप आपदा से निपटने तथा सावधानी व बचाव कार्य का आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। गृह विभाग के आपदा प्रबंधन संस्थान के निर्देशानुसार कलेक्टेट सभाकक्ष में संपन्न हुई कार्यशाला के मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। साथ ही सीवियर जोन की स्थिति पर चर्चा कर भूकंप आपदा से बचाव के विभिन्न तरीके एवं उपाय बताए गए। इस दौरान लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। जिला कलेक्टर ने कहा कि प्राकृतिक आपदा एवं विपत्ति से बचाव के लिए यह



प्रशिक्षण जरूरी है। इसके माध्यम से लोगों तक सारगर्भित जानकारियों का आदान प्रदान हो सकेगा। उन्होंने जनजागरूकता गतिविधियों और व्यापक प्रचार-प्रसार के जरिए आम नागरिकों तक आपदा प्रबंधन संबंधी जानकारी पहुंचाने के लिए कहा। कार्यशाला में उपस्थित पुलिस, नगरीय विकास एवं आवास, उच्च शिक्षा व अन्य विभाग के अधिकारियों को भूकंपरोधी भवन के



निर्माण, आपदा की स्थिति में आवश्यक सावधानी बरतने तथा प्रभावित व्यक्तियों की मदद इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी कुशल सिंह गौतम, जिला सेनानी होमगार्ड शालिवाहन पाण्डेय तथा अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

---

# दस्तक अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ 17 फरवरी से 19 मार्च तक चलाया जाएगा अभियान





**देवेंद्रनगर।**

### अभियान का मुख्य उद्देश्य बाल मृत्यु प्रकरणों में कमी लाना

बीमारियों को रोकने के लिए घर-घर दी जा रही दस्तक तथा स्कूली बच्चों सहित, ग्रामीणजनो को बीमारियों के बचाव के प्रति किया जा रहा जागरूक आयुष्मान आरोग्य मंदिर बड़ागांव में 0 से 5 साल के बच्चों की की जा रही स्क्रीनिंग,आशा, ए.एन.एम. एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से की जा रही स्क्रीनिंग। आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेंद्र प्रजापति ने बताया कि- दस्तक अभियान में बीमार नवजातों और अस्पताल से छुट्टी प्राप्त बच्चों का फॉलोअप किया जा रहा है, 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों में विटामिन ए की खुराक का अनुपूरण और 0 से 5 वर्ष के बच्चों में दस्त की पहचान एवं नियंत्रण हेतु ओ.आर.एस. एवं जिंक का वितरण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है, इसके साथ ही 0 से 5 वर्ष के बच्चों में निमोनिया, नवजात विकृतियों एवं वृद्धि विलंब, गंभीर कुपोषण की त्वरित पहचान और प्रबंधन का कार्य भी किया जा रहा है। 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों में गंभीर एनीमिया की स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन के साथ शिशु एवं बाल आहार पूर्ति संबंधी समझाइए समुदाय को दी जा रही है, आंशिक रूप से टीकाकृत बच्चों या टीकाकरण में छूटे बच्चों की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक निदानात्मक कार्यवाही की जा रही है, 5 वर्ष तक के बच्चों में श्रवण बाधित और दृष्टिदोष की पहचान एवं उपचार का कार्य किया जा रहा है साथ ही समस्त चिन्हांकित एनीमिक बच्चों में सिकल सेल एनीमिया की पहचान कर उपयुक्त उपचार किया जा रहा है। इस अभियान को प्रभावी प्रयास साथ, जनसहयोगिता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है, साथ ही डेंगू ,मलेरिया ,चिकनगुनिया और अन्य वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नियमित स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन जागरूकता के लिए प्रेरित कर रहा है किसी भी प्रकार की बीमारी से बचने के लिए स्वयं जागरूक बने, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें साथ ही स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान करें।

---

# मध्यप्रदेष का बजट सुखद सम्पन्न किसान हितैषी-आशीष तिवारी

**पन्ना।**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी आशीष तिवारी ने बजट को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत 4,38,317 करोड़ रुपये का यह बजट ऐतिहासिक है और अब तक का सबसे बड़ा बजट है, जो प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है। पिछले दो वर्ष की तुलना में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 1,41,000 से बढ़कर 1,69,000 हो गई है, यह 19.25 प्रतिशत की वृद्धि सरकार की प्रभावी आर्थिक नीतियों का परिणाम है। यह बजट गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष फोकस करता है, जिससे समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। बजट में गौशालाओं के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं तथा 1 लाख सोलर पंप किसानों को देने की तैयारी की गई है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख हेक्टेयर क्षेत्र का लक्ष्य रखा गया है और फसल बीमा के लिए 1,300 करोड़ का प्रावधान किया गया है। महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में



'लाड़ली बहना योजना' के लिए 23,000 हजार करोड़ से अधिक की राशि निर्धारित की गई है। साथ ही कामकाजी महिलाओं के लिए 5,700 महिला हॉस्टल के निर्माण तथा उनकी सुरक्षा और पेंशन पर विशेष जोर दिया गया है। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 25,000 करोड़ के ऋण प्रावधान किए गए हैं तथा खेलों के विकास के लिए 815 करोड़ की राशि निर्धारित की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास हेतु मजरे-टोले की सड़कों के लिए 21,000 करोड़ से अधिक की राशि दी गई है। शिक्षा के क्षेत्र में 294 नए विद्यालय स्थापित करने की तैयारी है, जिससे प्रदेश में शैक्षणिक ढांचे को सुदृढ़ किया जाएगा। श्री तिवारी ने कहा कि वीबीजी रामजी योजना के लिए 10,000 करोड़ से अधिक की राशि का प्रावधान किया गया है। अब गांवों को खुद निर्णय का अधिकार केन्द्र और राज्य सरकार दे रही है। पहली बार बच्चों को ट्रेटा दूध दिया जाएगा। उसके लिए बजट में प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए लगभग 23,000 करोड़ का प्रावधान कर चिकित्सा सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। इसके साथ ही 472 नई ई-बस सेवाओं की शुरुआत कर शहरी परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। 1,00,000 करोड़ से अधिक का पूंजीगत व्यय प्रदेश में अधोसंरचना और विकास कार्यों को नई गति देगा। यह बजट वर्ष 2047 तक विकसित प्रदेश के विजन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और यह हर वर्ग को सशक्त बनाने वाला संतुलित, समावेशी एवं विकासोन्मुख बजट है।

---

# जिले के लिए 904 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया की पहुंची खेप, केन्द्रों में पहुंचाया



**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**

रबी फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद जिले के उर्वरक विक्रय केन्द्रों पर पहुंच गई है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निरंतर प्रयासों से जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु झुकेही रेक प्वाइंट पर पहुची 904 मीट्रिक टन यूरिया को जिले के विक्रय केन्द्रो में पहुँचाया गया है। इससे जिले में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता हो गई है और किसानों को जरूरत के मुताबिक पर्याप्त खाद मिल सकेगी।

कलेक्टर ने अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, किसानों से संवाद करने और पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखकर इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि उर्वरक वितरण व्यवस्था पर पैनी नजर रखें ताकि किसानों को सहजता से खाद मिल सके।

जिला विपणन अधिकारी आनन्द नारायण पांडे ने बताया कि आई रैक से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 204 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 200 मीट्रिक टन तथा मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 200 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की गई है। इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़, सीएमएस बाकल, सीएमएस स्लीमनाबाद और सीएमएस ढीमरखेड़ा को 30-30 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की गई है। इसके अलावा एमपी एग्रो कटनी को 60 मीट्रिक टन खाद मिली है। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

### यहां देवें सूचना

कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद एवं बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद एवं बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220070 एवं 07622-220071 पर दे सकते हैं।

---

### कृषि वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में गाँधी ग्राम में वर्मी कम्पोस्ट प्रशिक्षण

# वर्मी कम्पोस्ट खाद पर क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

**पन्ना।**

सामाजिक संस्था पृथ्वी ट्रस्ट के द्वारा गाँधी ग्राम में वर्मी कम्पोस्ट खाद पर क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुनहरा, गाँधी ग्राम, रानीपुर एवं अमझिरिया ग्रामों से कुल 50 महिला साथियों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केंद्र से पधारे वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. पी.एन. त्रिपाठी एवं रितेश बगोरा ने प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट निर्माण की प्रक्रिया, कच्चे माल का चयन, केंचुओं की देख-रेख, नमी एवं तापमान प्रबंधन, खाद की परिपक्वता पहचान तथा खेतों में उपयोग की विधियों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही महिलाओं को प्रायोगिक रूप से वर्मी बेड तैयार कराकर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान पृथ्वी ट्रस्ट से समीना युसूफ ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि




संस्था अपने कार्यक्षेत्र में जैविक खेती को बढ़ावा देने के साथ-साथ जैविक पद्धति से पोषण वाटिकाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है, इसमें हम एक परिवार को पोषण वाटिका, मशरूम उत्पादन, पशु पालन एवं जैविक खेती से जोड़ने का काम कर रहे है द्य इसमें मशरूम बैग का भूसा वर्मी कम्पोस्ट में काम आएगा और वर्मी कम्पोस्ट पोषण वाटिका में जाएगाद्य इस तरह से परिवार में पोषण और आजीविका कि चौन निरंतर बनी रहे द्य इस लिए हम एक माडल के रूप में काम कर रहे है जिससे ग्रामीण परिवारों को पोषण सुरक्षा एवं अतिरिक्त आय के अवसर मिल सकें। संस्था से रविकांत पाठक ने कहा कि इस तरह के तरह प्रशिक्षण कार्यक्रमों से महिला किसानों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलती है। वर्मी कम्पोस्ट जैसी जैविक तकनीकें न केवल खेती की लागत घटाती हैं, बल्कि मिट्टी की उर्वरता बढ़ाकर टिकाऊ कृषि को भी मजबूती देती हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी महिलाओं ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए अपने-अपने गांवों में वर्मी कम्पोस्ट इकाई स्थापित करने की इच्छा व्यक्त कीद्य इस कार्यक्रम को सफल संस्था से छत्रसाल पटेल, दिव्यांशी नामदेव, आनंद कुमार गौंड, रीता सिंह, अरविन्द्र गौंड एवं महिला समूह से तिरसिया बाई, चंद्रवती, सोमवती, सुकरती बाई कि महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है।

---

# दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के आयोजन हेतु बैठक संपन्न

**पन्ना।**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना में मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में दिनांक 20 एवं 21 फरवरी को भौतिकशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक प्राचार्य कक्ष में संपन्न हुई। यह बैठक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन तथा आईक्यूएसी समन्वयक की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में सेमिनार की समग्र रूपरेखा डॉ. नन्द कुमार पटेल द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसमें आयोजन से जुड़े विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक दायित्वों का स्पष्ट विभाजन करते हुए समस्त स्टाफ को उनकी भूमिकाओं से अवगत कराया गया। सेमिनार के आयोजन सचिव डॉ.



बी. एन. जायसवाल द्वारा राष्ट्रीय सेमिनार में सहभागिता करने वाले प्रतिष्ठित एवं ख्यातिप्राप्त एमिनेंट स्पीकर्स के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ. पी. पी. मिश्रा ने सेमिनार के समन्वयक एवं सचिव की महत्वपूर्ण भूमिकाओं को रेखांकित करते हुए महाविद्यालय की समृद्ध शैक्षणिक परंपरा एवं पूर्व में आयोजित सफल सेमिनारों के गौरवशाली इतिहास का स्मरण कराया। बैठक में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक एवं अतिथि विद्वानों की सक्रिय उपस्थिति रही, जिससे सेमिनार के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता और उत्साह परिलक्षित हुआ। बैठक के समापन पर डॉ. नन्द कुमार पटेल द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। महाविद्यालय परिवार की ओर से समस्त विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों एवं शैक्षणिक जगत से जुड़े विद्वानों से आग्रह किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस राष्ट्रीय सेमिनार में उपस्थित होकर अपनी सक्रिय सहभागिता प्रदान करें तथा इस अकादमिक आयोजन को सफल बनाकर ज्ञान-विमर्श की इस सार्थक परंपरा को सुदृढ़ करें।

---

# जनसुनवाई में महापौर के निर्देश पर कई मामलों का किया गया तत्काल समाधान



**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**

नगर निगम द्वारा नागरिक समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं बेहतर प्रशासनिक संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से मंगलवार को मेयर इन काउंसिल कक्ष में महापौर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक चले इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्या लेकर उपस्थित हुए। जनसुनवाई के दौरान महापौर का सक्रिय एवं संवेदनशील रुख देखने को मिला, जहाँ उन्होंने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कई मामलों में मौके पर ही समाधान होने से नागरिकों के चेहरे पर संतोष नजर आया। महापौर ने स्पष्ट किया कि नगर निगम का लक्ष्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि हर नागरिक को समय पर समाधान उपलब्ध कराना है, ताकि आमजन का प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हो सके। इस दौरान सड़क सुधार, सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, अतिक्रमण, खाद्य पर्ची, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र तथा नाली-नालों से जुड़ी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। महापौर ने प्रत्येक प्रकरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के स्पष्ट निर्देश दिए। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कुल 49 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 18 मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। महापौर ने इस अवसर पर पूर्व में आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों की भी समीक्षा करते हुए उनके निराकरण में तेजी लाने तथा लंबित मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश अधिकारियों को दिए।

## खबर संक्षेप

### मेधावी विद्यार्थियों का 23 फरवरी को होगा सम्मान

**कटनी।** रजक समाज जनजागृति विकास समिति की बैठक गत दिवस समिति अध्यक्ष श्यामलाल रजक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सचिव भारत रजक ने बताया कि ननि ऑडिटोरियम बस स्टैण्ड कटनी में आयोजित कार्यक्रम में समाज को एकत्रित कर सामाजिक कुरूतियों को दूर करने के प्रयास किये जाने संबंधित विचार-विमर्श किये जावेंगे। साथ ही छात्र-छात्रा प्रतिभा सम्मान, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, वरिष्ठ जनों का सम्मान 23 फरवरी को संत गाडगे जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जावेगा।

### रास्ता रोक कर युवक के साथ की मारपीट

**कटनी।** कुठला क्षेत्र के पहरूआ में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार फरियादी सौरभ प्रजापति 28 वर्ष निवासी साईं मंदिर के पीछे कुठला जब पहरूआ शराब दुकान के सामने मेन रोड से गुजर रहा था, तभी आरोपित जोलू उर्फ धर्मेन्द्र चौधरी निवासी ने रास्ता रोककर उसकी कॉलर पकड़ी और गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोपित ने युवक के साथ मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया है।

### भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया

**सिलौंडी।** ग्राम घाना में चल रही श्रीमद भागवत में मंहत सीताराम शरण महाराज लोढ़ा पहाड़ वालों ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण के जन्म के पहले मामा कंस ने उनके माता पिता पर बहुत अत्याचार किया उनके सात भाई को मार डाला ।भगवान का जन्म कंस की जेल में हुआ ।भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बहुत बहुत धूमधाम मनाया गया ।सरपंच अनिल सिंह बागरी,सतेंद्र राय ,निखिल शुक्ला ने कथावाचक का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान लखन शुक्ला,अनूप दुबे ,नीरज राय ,सैयद अहमद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### चिन्हित बस स्टैंड पर ही खड़ी होंगी बसें

**उमरियापान।** उमरियापान में अब बसें केवल चिन्हित बस स्टैंड परिसर में ही खड़ी होंगी, सड़कों पर नहीं। सड़कों पर बसों के खड़े होने से बनने वाली जाम की समस्या पर पुलिस ने सख्ती दिखाई। उमरियापान के नवागत थाना प्रभारी महेन्द्र जायसवाल की पहल के बाद यातायात व्यवस्था में सुधार आ रहा है। थाना प्रभारी ने पहले दिन बस एवं अन्य बड़े वाहन चालकों को समझाइश दी और स्पष्ट कहा कि सड़कों पर बस खड़ी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। उप निरीक्षक महेन्द्र जायसवाल ने उमरियापान थाना का पदभार संभालने के बाद स्थानीय नागरिकों के साथ बैठक कर क्षेत्र की समस्याएं सुनीं। बैठक में नागरिकों ने बस स्टैंड क्षेत्र में प्रतिदिन लगने वाले जाम की समस्या प्रमुखता से उठाई। लोगों ने बताया कि बस स्टैंड परिसर के बाहर सड़कों पर बसों का खड़ा होना और दुकानों के सामने अवैध अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित होता है और आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। जिसके बाद थाना प्रभारी ने मौके पर निरीक्षण किया और बस चालकों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपनी बसें निर्धारित बस स्टैंड परिसर के अंदर ही खड़ी करें। साथ ही बस स्टैंड परिसर एवं सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की।

### बहोरीबंद में सामूहिक विवाह कल 43 जोड़े लेंगे सात फेरे

**स्लीमनाबाद।** बहोरीबंद जनपद में 19 फ़रवरी गुरुवार को मुख्यमंत्री कन्यादान-निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह आयोजन होगा।तिथि निर्धारण के बाद जनपद की सभी 79 ग्राम पंचायतों से सामूहिक विवाह मैं अधिक से अधिक जोड़े शामिल करें ताकि गरीब जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके।योजना के तहत कन्या /विधवा (कल्याणी /परित्यक्ता जो विवाह करने के इच्छुक हो उनके आवेदन मंगवाएं गये।

# चार दिन से लापता 17 वर्षीय किशोरी का शव गौरिहार के बड़े तालाब में तैरता मिला



छतरपुर।

**जिले के गौरिहार थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है। बीते 14 फरवरी (शनिवार) की रात से लापता 17 वर्षीय किशोरी अर्पणा साहू का शव आज सुबह गौरिहार के बड़े तालाब में तैरता हुआ मिला। परिजनों और स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई, जबकि पुलिस मामले की गहन जांच में जुट गई है।**

जानकारी के अनुसार, गौरिहार निवासी जयप्रकाश साहू की पुत्री अर्पणा साहू उम्र लगभग 17 वर्ष शनिवार रात घर से अचानक गायब हो गई थी। परिजनों ने तुरंत गौरिहार थाने में पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की थी।

आज सुबह तालाब में तैरता शव देखकर लोगों ने सूचना दी, जिसके बाद गौरिहार पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि किशोरी की मौत हादसे में हुई, आत्महत्या का मामला है या किसी अन्य कारण से। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## एमसीबीयू में इंटरनेशनल एस्पर्जर डे पर विशेष व्याख्यान आयोजन

**दृष्टि सामान्य होना काफी नहीं है, दृष्टिकोण का समावेशी होना जरूरी है - डॉ सुवर्ण सागर बाजपेयी**



**छतरपुर।** महाराज छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर के तत्वावधान में कुलगुरु प्रो. राकेश सिंह के मुख्य संरक्षण, कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल तथा मनोविज्ञान एवं समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो.ममता बाजपेयी के संरक्षण में एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ ममता बाजपेई ने की , अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि मनोविज्ञान अध्ययन शाला एवं कंपोजिट रीजनल सेंटरछतरपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम और व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर इसके प्रकार और समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करना रखा गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ सुवर्ण सागर बाजपेयी एम डी साइकियाट्रिस्ट एवं डॉ नीतेश सोनी, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो विभा वासुदेव अर्थशास्त्र उपस्थित रहे। डॉ सुवर्ण सागर बाजपेयी द्वारा ऑटिज्म की विस्तार से व्याख्या करते हुए कहा कि दृष्टि सामान्य होना काफी नहीं है, दृष्टिकोण का समावेशी होना जरूरी है। उन्होंने ऑटिज्म के कारण,लक्षण तथा उसके उपायों की चर्चा की तथा छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। डॉ नीतेश सोनी ने कहा कि मदद का हाथ बढ़ाने से बेहतर है कि हम समझ का हाथ बढ़ाएं। ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों को सहानुभूति की नहीं, अवसर और अपनेपन की तलाश है। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री कपिल देव कुड़ेरिया ने किया। आभार प्रदर्शन डॉ अनूप कुमार दीक्षित ने किया। इस अवसर पर मनोविज्ञान एवं व्यक्तित्व विकास तथा समाजशास्त्र विभाग के सभी विषय विशेषज्ञ, शोधार्थी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## 52वें अंतरराष्ट्रीय खजुराहो नृत्य समारोह का भव्य आयोजन

### 20 से 26 फरवरी तक नटराज थीम पर केंद्रित शास्त्रीय नृत्य का अद्भुत संगम

**खजुराहो।** विश्व प्रसिद्ध खजुराहो मंदिरों की पृष्ठभूमि में 52वां अंतरराष्ट्रीय खजुराहो नृत्य समारोह 20 से 26 फरवरी 2026 तक आयोजित होगा। इस सात दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव की थीम नटराज रखी गई है, जो नृत्य, लय और सृजन का प्रतीक है। मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग, उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी तथा अन्य सहयोगी संस्थाओं द्वारा आयोजित इस समारोह में भरतनाट्यम, कथक, ओडिसी, कुचिपुड़ी, मणिपुरी, मोहिनीअट्टम, कथकली, सत्रिया और छाऊ जैसी प्रमुख शास्त्रीय नृत्य शैलियों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। समारोह का शुभारंभ 20 फरवरी को शाम 6:30 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद वी.डी. शर्मा और अध्यक्षता संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी करेंगे। इस वर्ष पद्मश्री, संगीत नाटक अकादमी अवॉर्डी और उदीयमान कलाकारों को मंच प्रदान किया जा रहा है, जिसमें कुल 25 से अधिक मुख्य प्रस्तुतियां शामिल हैं।

20 फरवरीः पद्मश्री ममता शंकर (कथक), अनुराधा वेंकटरमन (भरतनाट्यम), शुभदा वराडकर (ओडिसी)
21 फरवरीः विश्वदीप (कथक), अक्मादल काईनारोवा (कजाकिस्तान, भरतनाट्यम), प्रभात मेहतो (छाऊ)
22 फरवरीः थोकचोम इवेमुबि देवी (मणिपुरी), पद्मश्री दुर्गाचरण रनवीर (ओडिसी), सत्रिया केंद्र समूह (सत्रिया)
23 फरवरीः नव्या नायर (भरतनाट्यम), कोट्टक्कल नंदकुमार नायर (कथकली), पद्मश्री पद्मजा रेड्डी (कुचिपुड़ी)
24 फरवरीः शिंजनी कुलकर्णी (कथक), पद्मश्री इलियाना सिटर (ओडिसी), पद्मश्री कलामंडलम क्षमावेती (मोहिनीअट्टम)
25 फरवरीः शाश्वती सेन (कथक), मोहंती (ओडिसी), नयनसखी देवी (मणिपुरी), खुशबू पांचाल (कथक समूह)
26 फरवरीः सुनयना हजारीलाल (कथक), पद्मश्री प्रतिभा प्रहलाद (भरतनाट्यम),
सुश्री भावना रेड्डी (कुचिपुड़ी), प्रभुतोष पाण्डा (ओडिसी)



**राष्ट्रीय बाल नृत्य महोत्सव -**

समारोह के साथ पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर बाल नृत्य महोत्सव का आयोजन मेला परिसर में 21 से 26 फरवरी तक शाम 4 बजे होगा। 10-16 वर्ष के 31 चयनित युवा कलाकार विभिन्न शास्त्रीय शैलियों में प्रस्तुति देंगे, जो भावी पीढ़ी को प्रेरित करेगा।

सांस्कृतिक रैलीः 20 फरवरी से कलाकारों की रैली मुख्य स्थल तक।
खजुराहो कार्निवालः 10 राज्यों की लोक कलाएं, नृत्य, शिल्प और प्रतियोगिताएं।
नटराज प्रदर्शनीः भगवान शिव के 50 नृत्य रूपों के शिल्प और चित्र।
लयशालाः 23-25 फरवरी दोपहर 2-4 बजे गुरु-शिष्य संवाद।
कलावार्ताः 21-24 फरवरी सुबह 11-1 बजे कला विशेषज्ञों के संवाद।
आर्ट-मार्ट, सृजन, हुनरः चित्रकला, शिल्प निर्माण और विक्रय।
स्वादः जनजातीय और क्षेत्रीय व्यंजन।
पर्यटन गतिविधियांः गांव भ्रमण, नेचर वॉक, हॉट एयर बैलून, ई-बाइक टूर आदि।

यह समारोह परंपरा, प्रयोग और नवाचार का संगम है, जो भारतीय शास्त्रीय नृत्य की वैश्विक पहचान को मजबूत करता है। पिछले वर्ष के गिनीज रिकॉर्ड के बाद यह आयोजन और भी भव्य रूप में सामने आया है। प्रवेश निःशुल्क है। कला प्रेमी बड़ी संख्या में खजुराहो पहुंचकर इस सांस्कृतिक उत्सव का आनंद लें।

## राजस्व अधिकारियों की परफॉर्मेंस सीएम हेल्प लाइन एवं लोक सेवा गारंटी से तय होगी: कलेक्टर

**कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को ऑनलाइन ही आवेदन लेने के निर्देश दिए**

**कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न**



**छतरपुर। राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में एडीएम मिलिंद नागदेवे, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम सहित अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी जनता से सीधे जुड़ी हुई है, यह शासन की मॉनिटरिंग के प्राथमिक बिंदु है। इसी के अनुसार राजस्व अधिकारियों का परफॉर्मेंस देखा जाएगा।**

उन्होंने राजस्व अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ऑफलाइन प्राप्त प्रकरणों को नहीं लें, बल्कि ऑनलाइन लोक सेवा केंद्र से आवेदन कराएं। कलेक्टर ने कहा प्राप्त प्रकरण को आरसीएमएस पर तत्काल दर्ज कराकर निराकरण कराएं साथ ही सीएम हेल्पलाइन, लो.से.गा, आरसीएमएस में दर्ज प्रकरण आपस में को-रिलेट होना चाहिए।

कलेक्टर ने 6 माह के एसडीएम कोर्ट में लंबित प्रकरण में राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि 1 से 2 वर्ष के कोई भी केस कोर्ट में लंबित ना रहे। पेशी लगाकर प्रकरणों का निपटारा करें। उन्होंने नामांतरण के 3 से 6 माह के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए नायब तहसीलदार सौरा, गौरिहार को डिस्पोजल बढ़ाने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने सीमांकन के आरसीएमएस पर कम प्रकरण दर्ज होने पर आशंका व्यक्त की और एसडीएम को जांच कर प्रकरणों को ऑनलाइन दर्ज कराने के निर्देश दिए। साथ ही बंटवारा के 85 प्रतिशत से नीचे कोई भी न रहे इसके भी स्पष्ट निर्देश दिए। कलेक्टर ने रीडर एवं पीठासीन लॉग इन पर ना. तहसीलदार सौरा को लंबित आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए।

**स्वामित्व योजना में सोमवार तक स्थिति में सुधार नहीं तो पटवारी को निलंबित करने के निर्देश**

कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व कर संग्रहण बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने पड़रिया, छापर, सुकवा, ज्योराहा, दिदवारा, टिकुरी एवं धमना के पटवारियों को सोमवार तक स्वामित्व योजना में ग्रामीण आबादी सर्वे एवं प्रथम प्रकाशन कराने के निर्देश दिए अन्यथा सोमवार तक स्थिति में सुधार नहीं होने पर संबंधित को निलंबित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों निर्देशित किया कि पटवारियों के माध्यम से अभियान चलाकर फॉर्मर रजिस्ट्री हेतु किसानों की फॉर्मर आईडी जनरेट कराएं और प्रगति बढ़ाएं। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिए कि 1 माह के कैम्प ऑर्डर निकालें और सीएससी एवं पटवारियों के कार्यों की समीक्षा करें। साथ ही सभी तहसीलदारों को जल्द से जल्द गिरदावरी खत्म करने के निर्देश दिए।

**अवैध कॉलोनियों के नामांतरण नहीं करने के निर्देश -**

सीएम हेल्पलाइन की खराब ग्रेडिंग होने पर कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ए ग्रेड प्राप्त करें अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। साथ ही प्राकृतिक प्रकोप से होने वाली क्षति में मिलने वाली आर्थिक सहायता के कुछ लंबित आवेदन होने पर तत्काल निराकरण कराने के निर्देश दिए। भू अर्जन के मुआवजे के लिए तह. बडामलहरा, नौगांव एवं बक्सवाहा को विशेषरूप से निराकराण कराने के निर्देश दिए। साथ ही अवैध कॉलोनियों के प्रभावी नियंत्रण हेतु स्पष्ट निर्देश दिए कि अवैध कॉलोनियों के नामांतरण नहीं करें।

## खजुराहो कार्निवल में दुकान लगाने के लिए 50 हजार से 1 लाख की मांग, स्थानीय व्यापारियों ने जताई नाराजगी



**खजुराहो। विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो में 52 वें अंतरराष्ट्रीय खजुराहो डांस फेस्टिवल के अंतर्गत पहली बार आयोजित होने वाले खजुराहो कार्निवल को लेकर नया विवाद सामने आया है,आरोप है कि आयोजक कृषि उद्योग विकास परिषद दिल्ली के कार्यकर्ताओं द्वारा कार्निवल स्थल पर दुकान लगाने के लिए स्थानीय दुकानदारों से संपर्क कर 50 हजार रुपये से लेकर 1 लाख रुपये तक के किराए के रूप में मांग की जा रही है।**

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि इतनी बड़ी राशि देना छोटे व्यापारियों के लिए संभव नहीं है। दुकानदारों के अनुसार, अगर हम वहां एक महीने तक भी दुकान लगाएं, तब भी इतना मुनाफा नहीं कमा पाएंगे कि 50 हजार से 1 लाख रुपये की भरपाई हो सके। उनका कहना है कि यह शुल्क पूरी तरह अव्यावहारिक और छोटे व्यापारियों के हितों के खिलाफ है।

व्यापारियों ने यह भी सवाल उठाया है कि जब यह एक तरह का सार्वजनिक और सरकारी सहयोग से होने वाला कार्यक्रम है, तो फिर इतना बड़ा शुल्क क्यों लिया जा रहा है। उनका कहना है कि खजुराहो डांस फेस्टिवल जैसे प्रतिष्ठित आयोजन में भी इस प्रकार का भारी शुल्क नहीं लिया जाता, फिर कार्निवल में इतनी बड़ी मांग क्यों की जा रही है।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि मामले में शुल्क लेना तर्कसंगत नहीं है। उनका कहना है कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य स्थानीय व्यापार और हस्तशिल्प को बढ़ावा देना होना चाहिए, न कि उन पर आर्थिक बोझ डालना। वहीं, इस संबंध में आयोजन से जुड़े संस्था के निदेशक मनोज गुप्ता ने बताया कि मैं देखता हूं,जिम्मेदार पक्ष की ओर से इसके अलावा कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है।

## एक भारत विविध संस्कृति की थीम पर आधारित अंतरराष्ट्रीय खजुराहो कार्निवल 2026 के ऑडिशन शुरू



खजुराहो

एक भारत विविध संस्कृति की थीम पर आधारित अंतरराष्ट्रीय खजुराहो कार्निवल 2026 के लिए आज से ऑडिशन शुरू हो गए हैं। यह कार्निवल भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को विश्व मंच पर प्रस्तुत करने का एक अनूठा अवसर प्रदान कर रहा है।

कार्निवल के दौरान देशभर के 100 से अधिक शिल्पकार अपने हस्तशिल्प, हथकरघा एवं पारंपरिक कलाओं का प्रदर्शन करेंगे। अफगानिस्तान और मॉरीशस जैसे देशों के लोक नृत्य भी इसमें शामिल होंगे, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा। देश के 17 राज्यों ने अपने लोक, जनजातीय नृत्य दलों, सांस्कृतिक समूहों एवं शिल्पकारों के माध्यम से सहभागिता की सहमति प्रदान की है। अब तक देशभर से कुल लगभग 5700 रजिस्ट्रेशन प्राप्त हो चुके हैं, जो इस उत्सव के प्रति उत्साह को दर्शाता है।

कार्निवल की प्रमुख आकर्षण होगी प्रतिदिन भव्य सांस्कृतिक परेड। 20 फरवरी से शिल्पग्राम, खजुराहो से शुरू होकर यह परेड खजुराहो मंदिर परिसर तक जाएगी, जहां भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। कार्निवल का शुभारंभ 20 फरवरी को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। यह आयोजन 18 से 26 फरवरी 2026 तक शिल्पग्राम एवं मेला ग्राउंड में चलेगा, जो 52वें खजुराहो डांस फेस्टिवल के साथ समानांतर आयोजित हो रहा है। मनोज गुप्ता, मैनेजिंग डायरेक्टर, एग्री इंडस्ट्रीज विकास चैंबर ने बताया कि यह कार्निवल भारत की एकता में विविधता को सेलिब्रेट करने का माध्यम बनेगा और कलाकारों, शिल्पकारों तथा सांस्कृतिक समूहों को एक मंच प्रदान करेगा।

## बागेश्वर धाम गुरुकुलम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

### 20 फरवरी से 15 मार्च तक मिलेंगे फॉर्म




**छतरपुर।** धार्मिक एवं सांस्कृतिक शिक्षा के केंद्र बागेश्वर धाम के गुरुकुलम के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश फॉर्म 20 फरवरी से 15 मार्च तक उपलब्ध रहेंगे। जो भी विद्यार्थी इस गुरुकुलम में अध्ययन करना चाहते हैं वह बागेश्वर धाम कार्यालय में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक संपर्क कर प्रवेश फार्म प्राप्त कर सकते हैं।निर्धारित तिथि के भीतर ही आवेदन करना अनिवार्य होगा।

जानकारी के मुताबिक बागेश्वर धाम में विगत दिनों सप्तम कन्या विवाह महोत्सव के अवसर पर गुरुकुलम का शुभारंभ किया गया था। इस गुरुकुलम में कुछ बच्चों के प्रवेश हो चुके हैं लेकिन अन्य बच्चों के प्रवेश हेतु सूचना दी जा रही है। उन अभिभावकों से आग्रह किया गया है जो अपने बच्चों को गुरुकुलम में पढ़ाना चाहते हैं वे बागेश्वर धाम के कार्यालय से संपर्क कर प्रवेश प्रक्रिया के बारे में जानकारी ले सकते हैं। गुरुकुलम में पारंपरिक भारतीय संस्कृति, वेद-शास्त्र एवं नैतिक शिक्षा के साथ आधुनिक विषयों का भी समावेश किया जायेगा जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके।

## पारंपरिक खेलों को आगे बढ़ाने जिला प्रशासन की नई पहल

### 21 फरवरी को लंगड़ी दौड़ का होगा आयोजन

**छतरपुर।** भारत सरकार की राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजनांतर्गत एवं कलेक्टर पार्थ जैसवाल के एवं जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय लंगड़ी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 21 फरवरी 2026 को पं. बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम छतरपुर में लंगड़ी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रत्येक ब्लॉक से 14 से 18 वर्ष के 4-4 बालक-बालिकायें भाग ले सकेंगे। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले बालक-बालिकाओं को कमशः 11000, 7100 एवं 5100 रूपये प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 03 सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाएंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करना, ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देना, युवाओं को खेलों से जोडना एवं फिट एवं सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राजेन्द्र कोष्टा जिला खेल अधिकारी छतरपुर एवं संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संपर्क अधिकारी होंगे।

खबर संक्षेप



## जगन्नाथ मंदिर रीवा में महाप्रसाद भंडारा आयोजन 4 मार्च को

**रीवा**। होली के पावन अवसर पर शहर के बिछिया स्थिति जगन्नाथ मंदिर में महप्रसाद वितरण का आयोजन भव्यता के साथ आगामी 4, मार्च 2026 को होगा। आयोजन समिति द्वारा आवश्यक तैयारियां शुरू करने के साथ ही कार्यक्रम को आकर्षक एवं भव्यता प्रदान करने के लिए रुप रेखा तैयार की गई । ज्ञात हो कि जगन्नाथ मंदिर परिसर बिछिया में होली के पावन अवसर पर कढी -चावल ,खीर का महाप्रसाद का वितरण किया जाता है। हजारों हजार भक्त गण पहुंच कर इस महा प्रसाद को ग्रहण करने के लिए पूरे वर्ष इंतजार करते हैं। आम जनता की सुविधा के लिए पार्किंग व्यवस्था मंदिर प्रांगण में रहेगी। भगवान जगन्नाथ जी के दर्शन के साथ ही संगीत का आयोजन किया जाएगा,, समिति के सभी सदस्यों द्वारा होलिका दहन मंदिर परिसर में ही 3, मार्च 2026 को चंद्रग्रहण खत्म होने के पश्चात रात्रि 9 बजे किया जाएगा इस अवसर पर समिति के सहयोगी ,पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित होकर होलिका दहन कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा 4, मार्च को महा प्रसाद वितरण करेगे । बैठक में जगन्नाथ भंडारा समिति के संरक्षक महेंद्र सर्राफ अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता कोषाध्यक्ष मोहित गुप्ता सचिव बामन गोपाल गुप्ता सह सचिव देवेश कुमार सोनी राज नारायण मिश्रा जी अम्बर गुप्ता संजीव गुप्ता विकल्प गुप्ता रमाकांत पुरवार राहुल गुप्ता सभी पदाधिकारी एवं सहयोगी मुख्य रूप से उपस्थित रहे

## बोर्ड पैटर्न आधारित कक्षा पांचवी एवं आठवीं वार्षिक परीक्षा की तैयारी बैठक का किया गया आयोजन

**रीवा**। डीपीसी राजेश तिवारी के निर्देशन में 18 फरवरी 2026 को जन शिक्षा केंद्र शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय महसाव रीवा में बोर्ड पैटर्न आधारित वार्षिक परीक्षा कक्षा पांचवी एवं आठवीं की तैयारी बैठक का आयोजन प्राचार्य राजकुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया, प्राचार्य महोदय ने जन शिक्षा केंद्र अंतर्गत केंद्र अध्यक्ष एवं सहायक केंद्र अध्यक्ष को संबोधित करते हुए वार्षिक परीक्षा के संदर्भ में आवश्यक निर्देश दिए एवं बोर्ड पैटर्न आधारित परीक्षा में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा की शुभकामनाएं प्रेषित की, तैयारी बैठक में जन शिक्षक रामकृष्ण द्विवेदी, विशाल शुक्ला, केंद्र अध्यक्ष श्री बीडी त्रिपाठी , भैया लाल चर्मकार, ज्ञानेंद्र पटेल, ललित कुमार साकेत, धर्मेंद्र सिंह, सुनीता पटेल, शरद चतुर्वेदी, पुष्पा दुबे, , जानवी दुबे ,पूर्णा तिवारी एवं राजेश चौरसिया सहित शिक्षकों ने सहभागिता की। बोर्ड पैटर्न पर होगी कक्षा 5वीं, 8वीं की परीक्षा, रीवा विकासखंड अंतर्गत 99 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें पांचवी की परीक्षा में 10145 विद्यार्थी एवं कक्षा आठवीं की परीक्षा में 9280 विद्यार्थी परीक्षा में बैठेंगे।

## खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन भंडारण के विरुद्ध सयुक्त जांच की कार्यवाही जारी

# खनिज विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई अवैध कारोबारियों के उड़े होश

**रीवा**। खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कार्यवाही हेतु कलेक्टर दंडाधिकारी रीवा द्वारा गठित सयुक्त जांच दल द्वारा आज सुमेदा तह हुजूर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बिना अनुमति संचालित आर. के मिनरल्स , एवं अष्टभुजा स्टोन क्रेशर को बिना वैध अनुमति के संचालित पाए जाने पर खनिज को जप्त कर, अवैध भंडारण के प्रकरण दर्ज किए गए, एवं अनुमति प्राप्त होने तक बंद रखने के निर्देश दिए गए। संचालित करते पाए जाने पर सीज की कार्यवाही कि जाएगी। प्रकरण तैयार कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।एक अन्य स्टोन क्रेशर सुप्रभात स्टोन क्रेशर को शर्तों



के पालन नहीं करने , पानी का छिड़काव, बाउंड्री बाल का निर्माण नहीं करने पर नोटिस जारी करने की कार्यवाही कि जाएगी।सयुक्त जांच दल द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत की जांच हेतु मध्यपुर का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान मौके पर खनन कार्य बंद पाया गया। एवं मौके पर उपस्थित लोगों को समझाइश दी गई। कि किसी प्रकार का खनन करते पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध करवाही की जाएगी। सयुक्त जांच दल द्वारा लगातार कार्रवाई जारी है एवं क्षेत्र में सतत निगरानी रखी जा रही है। जांच के दौरान राजस्व विभाग, खनिज विभाग एवं विभाग के अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित रहें।।

## स्वास्थ्य केन्द्र का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

### स्टाफ रजिस्टर में दवाईयों के सही मिलान न होने पर रजिस्टर किया जप्त



**रीवा**। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्वास्थ्य केन्द्र बैकुंठपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये चिकित्सक व स्टाफ के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये।कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान डॉ. ओमप्रकाश पिडिहा, श्यामशरण यादव, सुजीत जायसवाल तथा अरूण तिवारी अनुपस्थित पाये गये। कलेक्टर ने उपस्थिति पंजी जप्त कराते हुए संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये। अस्पताल के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पीएनसी वार्ड एवं जनरल वार्ड का निरीक्षण किया तथा मरीजों से मिलने वाली चिकित्सा सुविधा की जानकारी ली। उन्होंने अपने सामने गर्भवती महिलाओं का बीपी चेक कराया तथा उनको दिये जाने वाले टीका तथा अन्य उपचार की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने मरीजों को खाना व नाश्ता न मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा रसोई का निरीक्षण किया और भोजन न बनने पर संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये। चिकित्सालय में स्टाक में पंजी से दवाईयों का मिलान न होने पर रजिस्टर जप्त कर कलेक्टर ने कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर तथा एसडीएम दृष्टि जायसवाल उपस्थित रहे।

# अच्छी टीम और अच्छा प्रशिक्षण जनगणना को सरल बनाएगा - कलेक्टर

### जनगणना समयबद्ध और सटीकता से करें

**रीवा । कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में ग्रामीण क्षेत्र के जनगणना चार्ज अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि वर्ष 2011 की जनगणना और इस वर्ष होने वाली जनगणना में कई अंतर हैं। इस बार पूरी जानकारी ऐप के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज की जानी है। इससे जनगणना की मॉनीटरिंग आसान हो गई है। सभी चार्ज अधिकारी जनगणना कार्य के लिए अच्छे प्रगणक तैनात कर उन्हें प्रशिक्षित करें। अच्छी टीम और अच्छा प्रशिक्षण जनगणना को सरल बनाएगा। इस जनगणना में डाटा प्रतिदिन प्राप्त और अपडेट होगा।**

सभी एसडीएम, तहसीलदार, सीएमओ, जनपद सीईओ तथा अन्य अधिकारियों को तत्परता से डाटा दर्ज कराना होगा। जनगणना का कार्य समयबद्ध ढंग और सटीकता से करें। कलेक्टर ने कहा कि जिन चार्ज अधिकारियों ने 2011 में कार्य किया है वे अपने अनुभव के आधार पर आउटलाइन बना लें। शासन के निर्देशों के अनुरूप तय समय सीमा में ही जनगणना का कार्य पूरा कराएं। वास्तविक जनगणना शुरू होने से पहले उसकी तैयारी ठीक से कर लें। जनगणना का प्रथम फेज एक मई से तथा दूसरा फेज मार्च 2027 में होगा।



जनगणना में आमजनता को स्वयं पंजीयन करके जानकारी भरने की सुविधा दी गई है। जनगणना के समय हर परिवार और व्यक्ति का सही-सही डाटा ऐप में दर्ज कराएं। जनगणना से प्राप्त जानकारी पर ही सभी विकास योजनाओं का निर्माण होता है। प्रशिक्षण में डिप्टी कलेक्टर तथा नोडल अधिकारी आरके सिन्हा ने जनगणना से जुड़े प्रमुख बिन्दुओं की जानकारी दी। जनगणना निदेशालय से नियुक्त मुख्य प्रशिक्षक नागेश पाठक तथा शशिकांत शुक्ला ने ऐप के माध्यम से जनगणना की पूरी प्रक्रिया की बिन्दुवार जानकारी दी। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, एसडीएम त्योंथर पीएस त्रिपाठी, एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल, एसडीएम गुढ़ सुधाकर सिंह, एसडीएम जवा पीयूष भट्ट, सभी तहसीलदार, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल तथा नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## डिजिटल अरेस्ट, महाराष्ट्र पुलिस बनकर बेटे की गिरफ्तारी बताई, पिता से 3 लाख की मांग

**रीवा। जिले में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी का एक और मामला सामने आया है। इस बार साइबर ठगों ने खुद को महाराष्ट्र पुलिस का अधिकारी बताकर एक पिता को बेटे की गिरफ्तारी का डर दिखाया और रिहाई के नाम पर 3 लाख रुपए की मांग कर डाली। घबराए पिता ने पहले चरण में 15 हजार रुपए ट्रांसफर भी कर दिए। बाद में ठगी का एहसास होने पर उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई।** जानकारी के अनुसार मामला बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया का है। यहां निवासी पवन तिवारी को अज्ञात व्यक्ति ने व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल किया। कॉल करने वाले ने खुद को महाराष्ट्र पुलिस का अधिकारी बताया और कहा कि उनके बेटे को एक आपराधिक मामले में गिरफ्तार किया गया है। पीड़ित के अनुसार, वीडियो कॉल के दौरान उन्हें बेटे के रोने की आवाज भी सुनाई गई, जिससे वे घबरा गए। ठग ने कहा कि यदि तुरंत 3 लाख रुपए जमा नहीं किए गए तो बेटे पर गंभीर धाराएं लगाई जाएंगी और उसे जेल भेज दिया जाएगा। बेटे की गिरफ्तारी की बात सुनकर परेशान पिता ने बिना सत्यापन किए जल्दबाजी में ठग द्वारा दिए गए खाते में 15 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। हालांकि रकम मिलने के बाद भी आरोपी लगातार और पैसों की मांग करता रहा। इसी बीच परिजनों ने बेटे से संपर्क करने की कोशिश की, तो पूरा मामला फर्जी निकला। तब पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने तत्काल थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है। खातों और कॉल डिटेल्स की पड़ताल की जा रही है।

## सांसद ने वितरित किये बैटरी से चलने वाली ट्राइसाइकिल



रीवा । सांसद जनार्दन मिश्र ने वित्तीय वर्ष 2025-26 अन्तर्गत संसदीय क्षेत्र विकास निधि/सांसद निधि से रीवा एवं मऊगंज जिले के 18 दिव्यांग हितग्राहियों को बैटरी से चलने वाली ट्राइसाइकिल का वितरण किया। सांसद ने दिव्यांगजनों को माला पहनाकर अभिनंदन करते हुए ट्राइसाइकिल की चाभी सौंपी। बैटरी चलित ट्राइसाइकिल पाकर दिव्यांगजनों के चेहरों में मुस्कान दिखी और उन्होंने सांसद श्री मिश्र को ह्मदय से आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, ए.के. खान, राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, तथागत मिश्रा कबीर सहित स्थानीयजन उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि ट्राइसाइकिल पाने वाले दिव्यांगजनों में 16 रीवा जिले के व 2 मऊगंज जिले के दिव्यांग शामिल हैं।

# मैहर जिले में 3.500 हेक्टेयर आदिवासी भूमि फर्जीवाड़े से हड़पने के मामले में ईओडब्लू में प्रकरण

## पटवारी सहित नौ आरोपितों पर दर्ज हुई एफआईआर

**रीवा। मैहर जिले के ग्राम भदनपुर में आदिवासी परिवार की लगभग 3.500 हेक्टेयर बेशकीमती कृषि भूमि फर्जी वारिसाना दर्ज कर और कूटरचित ऋण पुस्तिका तैयार कर हड़पने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शिकायत के सत्यापन के बाद आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (EOW) ने तत्कालीन हल्का पटवारी सहित नौ नामजद आरोपितों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।**

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि ग्राम भदनपुर दक्षिण पट्टी, तहसील एवं जिला मैहर निवासी रामसिंह गोड़ के आधिपत्य की लगभग 3.500 हेक्टेयर कृषि भूमि वर्ष 2010-11 तक राजस्व अभिलेख (खसरा) में उनके नाम दर्ज थी। आरोप है कि वर्ष 2012-13 में तत्कालीन हल्का पटवारी भदनपुर अशोक सिंह एवं अन्य बिचौलियों ने बिना सक्षम राजस्व अधिकारी के आदेश और बिना वास्तविक भू-स्वामी की जानकारी के उनके पुत्र राजेंद्र सिंह के नाम वारिसाना दर्ज करा दिया। जबकि उस समय रामसिंह गोड़ जीवित थे और उनके दो पुत्र एवं तीन पुत्रियां हैं। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपितों ने राजेंद्र सिंह को भूमि के नाम पर बैंक से ऋण दिलाने का झांसा दिया। इसी बहाने फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार कर भूमि की रजिस्ट्री एवं राजस्व अभिलेखों में नामांतरण शोभा प्रसाद कोल निवासी सलैया एवं बैजनाथ कोल निवासी खरौंधी, जिला मैहर के नाम दर्ज करा दिया गया।

इसके बाद उक्त भूमि को सरला नगर स्थित सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट को लगभग 2.50 करोड़ रुपये में विक्रय कर दिया गया। आरोप है कि वास्तविक भू-स्वामी राजेंद्र सिंह को न तो भूमि विक्रय की जानकारी दी गई और न ही उसे किसी प्रकार की धनराशि प्राप्त हुई।

### नौ आरोपितों के विरुद्ध मामला दर्ज

ईओडब्ल्यू ने इस प्रकरण में (1) अशोक सिंह, तत्कालीन पटवारी हल्का भदनपुर दक्षिण पट्टी, (2) शोभा प्रसाद कोल, (3) बैजनाथ कोल, (4) दीपक लालवानी, (5) गोपाली उर्फ गोपाल आसवानी, (6) अज्जू उर्फ अजय सावलानी, (7) कमला उर्फ प्रदीप कुमार सेन, (8) रामप्रकाश जायसवाल एवं (9) अन्य संबंधित राजस्व अधिकारियों एवं व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक षड्यंत्र), 420 (धोखाधड़ी), 467, 468, 471 (कूटरचना एवं जालसाजी) तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन 2018) की धारा 7, 13(1)(ए), 13(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### संगठित षड्यंत्र की आशंका

बता दे पूरा प्रकरण सुनियोजित षड्यंत्र के तहत अंजाम दिया गया, जिसमें राजस्व अभिलेखों में हेरफेर कर आदिवासी परिवार की जमीन को अवैध रूप से निजी हाथों में पहुंचाया गया और बाद में उसे औद्योगिक उपयोग के लिए ऊंची कीमत पर बेच दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए ईओडब्ल्यू ने सभी दस्तावेज, खसरा प्रविष्टियां, ऋण पुस्तिका, रजिस्ट्री अभिलेख एवं बैंकिंग लेन-देन की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। संबंधित राजस्व अधिकारियों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।

# शिक्षण सत्र 2025-26 की परीक्षा 20 फरवरी से होगी शुरू

### शासकीय, अशासकीय और मदरसा स्कूलों के विद्यार्थी होंगे परीक्षा में शामिल

प्रदेश में शिक्षण सत्र 2025-26 की कक्षा 5वीं एंव 8वीं की परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर होगी। परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होगी और 28 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा के लिए प्रदेश भर में 12 हजार 920 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर लगभग 25 लाख विद्यार्थी परीक्षा देंगे। राज्य शिक्षा केंद्र ने इस संबंध में दिशा निर्देश भी जारी कर दिए हैं।

राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक श्री हरजिंदर सिंह ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इन परीक्षाओं में शासकीय विद्यालयों के साथ-साथ निजी स्कूलों एवं मदरसों के विद्यार्थी भी शामिल होंगे। इस वर्ष 1 लाख 10 हजार 615 शासकीय, निजी शालाओं एवं मदरसों के लगभग 24 लाख 90 हजार विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इसमें से 522 निजी विद्यालयों के 20 हजार 736 विद्यार्थियों के लिए एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के अनुसार भाषा विषय के पृथक प्रश्न पत्र तैयार किए गए हैं। अन्य विषयों के प्रश्न पत्र राज्य द्वारा निर्धारित पाठ्यपुस्तकों के आधार पर बनाए गए हैं।

### पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों का सत्यापन

परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एक विशेष पहल की गई है। विशेष आईटी पोर्टल विकसित किया गया है। इस पोर्टल से विद्यार्थियों का सत्यापन, परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण, केन्द्राध्यक्षों की मैपिंग, सामग्री वितरण, रोल नंबर एवं प्रवेश पत्र जारी करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही उपस्थिति दर्ज करने, मूल्यांकन कार्य एवं अंकसूची जारी करने की व्यवस्था भी इसी पोर्टल से की जाएगी।

### पात्र विद्यार्थी को मिलेगा परीक्षा देने का अवसर

संचालक हरजिंदर सिंह ने बताया कि प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जाएगा। कोई विद्यार्थी यदि किसी कारणवश परीक्षा तिथि तक पंजीकृत नहीं हो पाया है, तो उसे भी परीक्षा में शामिल करने के निर्देश केन्द्राध्यक्षों को दिए गए हैं। ऐसे विद्यार्थियों की तकनीकी जानकारी परीक्षा उपरांत दर्ज की जाएगी। परीक्षा में 86 हजार 109 शासकीय शालाओं, 23 हजार 980 अशासकीय शालाओं एवं 525 मदरसों के विद्यार्थी भाग लेंगे।

## हार्टफुलनेस संस्थान में 10 से 13 मार्च तक प्रशिक्षण का अवसर

रीवा । राज्य आनंदम संस्थान द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार हार्टफुलनेस संस्थान हैदराबाद तेलंगाना में 10 से 13 मार्च तक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस आनंदम शिविर के लिए अधिकारी और कर्मचारी अपना पंजीयन करा सकते हैं। वर्तमान में पंजीयन किया जा रहा है। राज्य आनंद संस्थान के माध्यम से शासकीय प्रतिभागी अपने सेवाकाल में केवल एक आनंद शिविर में ही भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए 20 हजार रुपए शुल्क निर्धारित है जिसका वहन राज्य आनंदम संस्थान द्वारा किया जाएगा। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को केवल पंजीयन की राशि पाँच सौ रुपए वहन करना है। इस संबंध में अन्य विवरण आनंदम संस्थान एमपी डॉट इन वेबसाइट पर प्राप्त किया जा सकता है।

## नगर निगम में जनगणना के लिए जोनल चार्ज अधिकारी तैनात

रीवा । शासन के निर्देशों के अनुसार एक मई से जनगणना शुरू की जा रही है। इसके लिए व्यापक तैयारियाँ की जा रही हैं। इस जनगणना में पूरा कार्य डिजिटल किया जाएगा। नगर निगम रीवा में जनगणना संपन्न कराने के लिए चार अधिकारियों को जोनल चार्ज जनगणना अधिकारी बनाया गया है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि जोन क्रमांक एक में कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह को तैनात किया गया है। जोन क्रमांक 2 में कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी तथा जोन क्रमांक 3 में सिद्धार्थ सिंह को जोनल चार्ज अधिकारी बनाया गया है। जोन क्रमांक 4 में सहायक यंत्री पीएन शुक्ला को तैनात किया गया है। सभी अधिकारी अपने जोन में शामिल प्रत्येक वार्ड में जनगणना कार्य की मानीटरिंग करेंगे।

## महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक संपन्न



**मऊगंज**। कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक में पोषण ट्रैकर एप, भवन निर्माण, आंगनवाडी कार्यकर्ता/सहायिका के रिक्त पदों, प्रधानमंत्री मातृ- वंदना योजना, समेकित बाल संरक्षण योजना केंद्र संचालन की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर कलेक्टर ने बच्चों का सही वजन एवं ऊंचाई लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी परियोजना अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सेम एवं मेम बच्चों का पंजीकरण पोषण ट्रेकर एप पर हों। कोई भी बच्चा छूटे नही। मैदानी अमले को यह भी निर्देश दिए गये कि आंगनवाडी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों को शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों अंतर्गत फाउन्डेशन लर्निंग प्राप्त हों। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री मातृ- वंदना योजना एवं पोषण ट्रैकर के संकेतकों में एफआरएस, आभा आईडी आपार आई डी में प्रगति के निर्देश दिए। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों को भर्ती किये जाने के सम्बन्ध में सम्बंधित अधिकारी को सेम बच्चों एवं चिकित्सकीय जटिलता वाले बच्चों को एनआरसी में भर्ती करवाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि समस्त आंगनवाडी केन्द्रों में पोषण आहार वितरण निर्बाध गति से हो इस हेतु स्वयं सहायता समूह से समन्वय कर शत - प्रतिशत पोषण आहार वितरण किया जाना सुनिष्चित करें। पूरक पोषण आहार एवं गर्म पका भोजन की एंट्री पोषण ट्रैकर एप में की जाए। आगामी 15 दिवस में समस्त परियोजना अधिकारियों को प्रधानमंत्री मातृ- वंदना योजना की प्रगति शत प्रतिशत किये जाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पीके पांडेय, संयुक्त कलेक्टर एपी द्विवेदी,जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास आशीष द्विवेदी एवं समस्त परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर उपस्थित रहे।